**प्रेस नोट**
**दिनांक 22.12.2025**

## डायल 112– आपात स्थिति में त्वरित सहायता का भरोसाः गोण्डा पुलिस द्वारा शासन की मंशा के अनुरूप यू0पी0–112 को लेकर दो दिवसीय जन–जागरूकता अभियान संचालितः–

**गोण्डा।** शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित, प्रभावी एवं भरोसेमंद आपातकालीन पुलिस सहायता उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जनपद गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के कुशल निर्देशन एवं नोडल अधिकारी यू0पी0–112 श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण में यू0पी0–112 के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं जन–जागरूकता हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। यह जन–जागरूकता अभियान दो दिवसीय है, जो दिनांक 22.12.2025 से 23.12.2025 तक संचालित किया जा रहा है।

उक्त अभियान के अंतर्गत आम जन–मानस को आपातकालीन सेवा यू0पी0–112 की कार्यप्रणाली, उपयोगिता, त्वरित रिस्पॉन्स प्रणाली तथा उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदत्त विभिन्न जनहितकारी सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में नागरिक निर्भीक होकर समय रहते सहायता प्राप्त कर सकें। अभियान के प्रथम दिन आज दिनांक 22.12.2025 को जनपद के विभिन्न भीड़–भाड़ वाले एवं सार्वजनिक स्थलों पर जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस क्रम में थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत रेलवे स्टेशन गोण्डा, गुरूनानक चौक तथा थाना को0 कर्नलगंज क्षेत्रान्तर्गत कस्बा कर्नलगंज (रामलीला मैदान के पास) पर जन–जागरूकता अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया गया। इस अभियान में यू0पी0–112 मुख्यालय के 03 प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों के साथ–साथ प्रचार–प्रसार दल के कुल 11 सदस्य शामिल रहे, जिनमें उद्घोषक दल, नुक्कड़ नाटक दल एवं एलईडी वैन दल सम्मिलित थे। प्रचार–प्रसार दल द्वारा एलईडी वैन के माध्यम से दृश्य–श्रव्य संदेशों का प्रसारण किया गया तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम नागरिकों को यह बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति–जैसे अपराध, दुर्घटना, महिला उत्पीड़न, स्वास्थ्य आपातकाल, आगजनी अथवा अन्य संकट की स्थिति में यू0पी0–112 पर कॉल कर किस प्रकार त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकती है। अभियान के दौरान उपस्थित पुलिस कर्मियों द्वारा आमजन को यू0पी0–112 की कॉलिंग प्रक्रिया, रिस्पॉन्स टाइम, कॉल करने पर प्राप्त होने वाली सहायता, कॉलर की गोपनीयता तथा पुलिस की तत्परता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नागरिकों को पम्पलेट वितरित कर यू0पी0–112 की सेवाओं, आपात स्थिति में सही सूचना देने के तरीके तथा अफवाहों से बचने के प्रति भी जागरूक किया गया। जन–जागरूकता कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों, दुकानदारों, राहगीरों एवं स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा यू0पी0–112 से संबंधित जानकारी प्राप्त की। नागरिकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का मौके पर ही समाधान किया गया तथा उन्हें यह विश्वास दिलाया गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस सदैव उनकी सुरक्षा एवं सेवा के लिए तत्पर है।

उक्त अभियान का उद्देश्य जनपद के प्रत्येक नागरिक तक यू0पी0–112 की जानकारी पहुँचाना, पुलिस एवं जनता के बीच विश्वास को और अधिक मजबूत करना तथा आपात स्थितियों में त्वरित पुलिस सहायता को सुनिश्चित करना है। अभियान के द्वितीय दिन भी जनपद के थाना नवाबगंज, वजीरगंज व मनकापुर पर इसी प्रकार जन–जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

**इस अवसर पर प्र0नि0 को0 नगर, प्र0नि0 को0 कर्नलगंज, प्रभारी यू0पी0 112 सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**